134502 - जुड़वा बच्चों का गर्भ धारण करने के लिए फर्टिलिटी ड्रग्स (स्टेरॉयड) लेने का हुक्म

प्रश्न

क्या मेरी पत्नी को जुड़वा बच्चों का गर्भ धारण करने के लिए स्टेरॉयड (प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाली दवाएँ) लेने की अनुमति है, यह जानते हुए कि दवा प्राकृतिक है (यह केवल इसलिए है क्योंकि हम जुड़वाँ बच्चे पैदा करना चाहते हैं)?

विस्तृत उत्तर

आपकी पत्नी के जुड़वा बच्चों का गर्भ धारण करने की इच्छा के साथ प्राकृतिक या कृत्रिम प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाली दवाएँ लेने में कोई हर्ज नहीं है, इस शर्त के साथ कि वे दवाएँ नुक़सान से मुक्त हों। क्योंकि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का फरमान है :

(न ख़ुद हानि उठाना जायज़ है और न ही किसी दूसरे को हानि पहुँचाना जायज़ है।) इस हदीस को अहमद (हदीस संख्या : 2865) और इब्ने माजा (हदीस संख्या : 2341) ने रिवायत किया है और अलबानी ने “सहीह इब्ने माजा” में इसे सहीह कहा है।

लेकिन उसे मूल सिद्धांत के बारे में एक भरोसेमंद डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए (कि बुनियादी रूप से यह एक अच्छा विकल्प है या नहीं), और क्या उसके बाद पत्नी को नुकसान होगा या नहीं, फिर उससे प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाली दवा के प्रकार के बारे में परामर्श करना चाहिए।

शैख इब्ने उसैमीन रहिमहुल्लाह से पूछा गया : “गर्भवती होने के उद्देश्य से प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाली दवाएँ लेने का क्या हुक्म है, यह बात ज्ञान में रखते हुए कि मेरी शादी को एक लंबा समय हो चुका है और मेरे कोई बच्चे नहीं हैं?

तो शैख रहिमहुल्लाह ने उत्तर दिया : यह मामला इस बारे में डॉक्टर से परामर्श करने पर निर्भर करता है। यदि वह कहता है कि इन गर्भावस्था-उत्तेजक गोलियों को लेना हानिकारक नहीं है, तो इसका उपयोग गर्भावस्था को प्राप्त करने के लिए किया जाना चाहिए। क्योंकि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया है : “प्यार करने वाली, बच्चा जनने वाली औरत से शादी करो, क्योंकि मैं तुम्हारे कारण (अन्य क़ौमों पर) गर्व करने वाला हूँ।”

“फ़तावा नूरुन अलद्-दर्ब” से उद्धरण समाप्त हुआ।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।